This Question Paper Booklet contains 48 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका के अन्तर्गत 48 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. / कोड नं० **67/TUS/2**

Set / सेट **A**

# BUSINESS STUDIES

## ( व्यावसायिक अध्ययन )

## (319)

Day and Date of Examination ..........................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 67/TUS/2, Set [A] on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 67/TUS/2, सेट [A] लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

## Important Instructions

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers—one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.

2. **NEW SYLLABUS** *is for those candidates who have registered for 2023–2024 (Stream–I; Block–I) admission and are appearing in April 2024 Examinations.*

3. **OLD SYLLABUS** *is for those candidates who had registered before 2023–2024 (Stream–I; Block–I) admission.*

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the given two Question Papers.

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं—एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **नया पाठ्यक्रम** अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **पुराना पाठ्यक्रम** अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** *उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023–2024 (स्ट्रीम–I; ब्लॉक–I) में हुआ है तथा जो अप्रैल–2024 परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।*

3. **पुराना पाठ्यक्रम** *उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023–2024 (स्ट्रीम–I; ब्लॉक–I) के पहले हुआ है।*

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।

**NEW**

This Question Paper consists of 51 questions.
इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत 51 प्रश्न हैं।

# BUSINESS STUDIES

## व्यावसायिक अध्ययन

## (319)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This question paper consists of 51 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section–A** consists of Question Nos. **1** to **20**—Multiple Choice-type Questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only one of the given choices in such questions.

(v) **Section–B** consists of Question Nos. **21** to **35**—Objective-type Questions carrying *2* marks each (with 2 sub-parts of *1* mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

(vi) **Section–C** consists of

(a) Question Nos. **36** to **41**—Very Short Answer-type Questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words.

(b) Question Nos. **42** to **47**—Short Answer-type Questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

(c) Question Nos. **48** to **51**—Long Answer-type Questions carrying *5* marks each to be answered in the range of *80* to *120* words.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 51 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड–अ** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें। इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल एक का ही उत्तर देना है।

(v) **खण्ड–ब** में प्रश्न संख्या **21** से **35** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *2* अंक का है (*1* अंक के 2 उप-भागों के साथ)। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर दें।

(vi) **खण्ड–स** में शामिल है :

(a) प्रश्न संख्या **36** से **41**, *2* अंक के अति-लघूत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *30* से *50* शब्दों में देने हैं।

(b) प्रश्न संख्या **42** से **47**, *3* अंक के लघूत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *50* से *80* शब्दों में देने हैं।

(c) प्रश्न संख्या **48** से **51**, *5* अंक के दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *80* से *120* शब्दों में देने हैं।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION—A

## खण्ड–अ

**Note** : Question Numbers **1** to **20** are MCQs of *1* mark each. Internal choices have been given wherever necessary :

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है। जहाँ आवश्यक है, आंतरिक विकल्प दिए गए हैं :

**1.** "The growing awareness about health care has led to an increase in the demand for health care products and services in the country." Identify the feature of business environment being described in the above case. 1

(A) Dynamic
(B) Uncertainty
(C) Complex
(D) Interrelatedness

''स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में बढ़ती हुई जागरूकता से देश में स्वास्थ्य देखभाल की वस्तुओं एवं सेवाओं की माँग में वृद्धि हुई है।'' उपरोक्त स्थिति में व्यावसायिक पर्यावरण की जिस विशेषता की चर्चा की गई है, उसे पहचानिए।

(A) गतिशील
(B) अनिश्चितता
(C) जटिल
(D) अन्तःसम्बन्ध

2. The full form of WTO is

(A) World Traders Organization (B) World Trade Organization

(C) World Travelers Organization (D) World Tour Organization 1

डब्ल्यू॰ टी॰ ओ॰ का पूर्ण रूप है

(A) विश्व व्यापारियों का संगठन (B) विश्व व्यापार संगठन

(C) विश्व यात्री संगठन (D) विश्व यात्रा संगठन

3. _____ refers to the process of instructing, guiding, counselling, motivating and leading people in the organization to achieve their objectives. 1

(A) Planning (B) Organizing

(C) Staffing (D) Directing

_____ संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए व्यक्तियों को निर्देश देने, मार्गदर्शन करने, परामर्श देने, अभिप्रेरित करने तथा नेतृत्व करने की प्रक्रिया को उल्लिखित करता है।

(A) नियोजन (B) संगठन

(C) नियुक्तिकरण (D) निर्देशन

*Or / अथवा*

_____ is concerned with getting, utilizing and maintaining a satisfactory and satisfied workforce.

(A) Planning (B) Organizing

(C) Staffing (D) Directing

_____ संतुष्ट एवं संतोषप्रद कार्यबल को प्राप्त करने, इनका उपयोग करने एवं उन्हें बनाए रखने से संबंधित है।

(A) नियोजन (B) संगठन

(C) नियुक्तिकरण (D) निर्देशन

4. Which of the following documents is ***not*** used in external trade? 1

(A) Indent (B) Letter of credit

(C) Purchase order (D) Bill of lading

निम्नलिखित में से किस प्रपत्र का प्रयोग बाह्य व्यापार में **नहीं** किया जाता है?

(A) इन्डेन्ट (B) साख-पत्र

(C) क्रय आदेश (D) माँग ड्राफ्ट

*Or / अथवा*

The letter issued by the importer's bank in favour of the exporter which enable the exporter to get immediate payment is called

(A) letter of hypothecation
(B) letter of credit
(C) letter of advice
(D) demand draft

आयातक बैंक द्वारा निर्यातक के पक्ष में कौन-सा पत्र जारी किया जाता है, जिससे निर्यातक को तत्काल भुगतान पाने में आसानी होती है?

(A) दृष्टिबंधक पत्र
(B) साख-पत्र
(C) सलाह-पत्र
(D) डिमांड ड्राफ्ट

**5.** A company can raise capital through the primary market in which of the following forms? 1

(A) Equity shares
(B) Preference shares
(C) Debentures
(D) All of the above

एक कम्पनी प्राथमिक बाजार के माध्यम से निम्नलिखित में से किस रूप में पूँजी एकत्रित कर सकती है?

(A) समता अंश
(B) पूर्वाधिकारी अंश
(C) ऋणपत्र
(D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

The capital structure of an organization refers to the choice of which of the following?

(A) Dividend and wealth
(B) Debt and equity
(C) Fixed assets and current assets
(D) Fixed capital and working capital

एक संगठन का पूँजी ढाँचा निम्नलिखित में से किसके चयन को उल्लिखित करता है?

(A) लाभांश एवं सम्पत्ति
(B) ऋण एवं समता
(C) स्थायी परिसम्पत्तियाँ एवं चालू परिसम्पत्तियाँ
(D) स्थायी पूँजी एवं कार्यशील पूँजी

**6.** Maximum number of members in a private company is

(A) 50
(B) 100
(C) 150
(D) 200 1

निजी कम्पनी में सदस्यों की अधिकतम संख्या होती है

(A) 50 (B) 100

(C) 150 (D) 200

**7.** "Sanjay has decided to earn a profit of 30% in the current financial year." Identify the type of plan being described in the above lines. 1

(A) Method (B) Objective

(C) Strategy (D) Programme

''संजय ने चालू वित्तीय वर्ष में 30% लाभ अर्जित करने का निर्णय लिया।''
उपरोक्त पंक्ति में चर्चित योजना के प्रकार को पहचानिए।

(A) विधि (B) उद्देश्य

(C) रणनीति (D) कार्यक्रम

*Or / अथवा*

Which of the following statements is ***not*** related to the importance of planning?

(A) It reduces risk and uncertainty. (B) It leads to efficiency in operations.

(C) It delays in actions. (D) It facilitates decision making.

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन नियोजन के महत्त्व से संबंधित **नहीं** है?

(A) यह जोखिम एवं अनिश्चितता को कम करता है। (B) यह प्रचालन को कार्यकुशलता की ओर ले जाता है।

(C) यह कार्यों में देरी करता है। (D) यह निर्णय लेने में सुविधा प्रदान करता है।

**8.** The World Youth Skill Day is celebrated on

(A) 15th July (B) 15th March

(C) 15th October (D) 15th December 1

'विश्व युवा कौशल दिवस' मनाया जाता है

(A) 15 जुलाई को (B) 15 मार्च को

(C) 15 अक्टूबर को (D) 15 दिसम्बर को

**9.** Identify the correct sequence of steps in the process of formation of a company.

I. Promotion stage

II. Capital subscription stage

III. Commencement of business stage

IV. Incorporation stage

(A) I, II, III, IV (B) I, IV, III, II

(C) IV, I, II, III (D) IV, II, I, III 1

कम्पनी की स्थापना की प्रक्रिया के चरणों के सही क्रम को पहचानिए।

I. प्रवर्तन अवस्था

II. पूँजी अभिदान अवस्था

III. व्यावसायिक चरण की शुरुआत की अवस्था

IV. निगमन अवस्था

(A) I, II, III, IV (B) I, IV, III, II

(C) IV, I, II, III (D) IV, II, I, III

*Or / अथवा*

Which of the following plans is expressed in financial terms?

(A) Strategy (B) Rule

(C) Policy (D) Budget

निम्नलिखित में से किस योजना को वित्तीय रूप में व्यक्त किया जाता है?

(A) रणनीति (B) नियम

(C) नीति (D) बजट

**10.** Equity shareholders are called

(A) owners of the company (B) partners of the company

(C) executives of the company (D) creditors of the company 1

समता अंशधारी कहलाते हैं

(A) कम्पनी के स्वामी (B) कम्पनी के साझेदार

(C) कम्पनी के अधिकारी (D) कम्पनी के लेनदार

**11.** There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option from the options given below : 1

Assertion (A) : B2C enables a business firm to be in touch with its customers round the clock.

Reason (R) : As in B2C, there are business firms at one end and its customers on the other end.

(A) (A) is correct but (R) is wrong

(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) Both (A) and (R) are correct but (R) is the correct explanation of (A)

(D) Both (A) and (R) are incorrect

यहाँ दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें अभिकथन (A) तथा कारण (R) से चिह्नित किया गया है। कथनों को पढ़िये और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

अभिकथन (A) : बी2सी (B2C) व्यावसायिक फर्म को रात-दिन अपने ग्राहकों से संपर्क स्थापित करने में सक्षम बनाता है।

कारण (R) : बी2सी (B2C) में एक छोर पर व्यावसायिक फर्म है और दूसरे छोर पर इसके ग्राहक।

(A) (A) सही है लेकिन (R) गलत है

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(C) दोनों (A) और (R) सही हैं परंतु (R), (A) की सही व्याख्या है

(D) दोनों (A) और (R) गलत हैं

*Or / अथवा*

Which of the following is ***not*** a limitation of E-commerce?

(A) Lack of adequate Internet infrastructure

(B) Delivery and payment related issues

(C) Shortened transaction time

(D) Absence of cyber laws

निम्नलिखित में से कौन-सी ई-कॉमर्स की सीमा **नहीं** है?

(A) पर्याप्त इंटरनेट ढाँचे की कमी

(B) सुपुर्दगी एवं भुगतान संबंधी समस्याएँ

(C) लेनदेन के समय में कमी

(D) साइबर कानूनों की अनुपस्थिति

**12.** Short-term and temporary incentives to purchase or induce trials of new goods refers to

(A) advertising (B) publicity

(C) sales promotion (D) direct marketing 1

नई वस्तुओं की खरीद या परीक्षण प्रेरित करने हेतु लघुकालिक व अस्थायी प्रोत्साहन का संबंध है

(A) विज्ञापन से (B) प्रचार से

(C) विक्रय प्रवर्तन से (D) प्रत्यक्ष विज्ञापन से

**13.** Contracting out some of its activities to a third party which was earlier performed by the organization is

(A) BPO (B) E-commerce

(C) outsourcing (D) E-banking 1

संगठन द्वारा पहले निष्पादित की जाने वाली कुछ क्रियाओं को तृतीय पक्ष को ठेके पर दिया जाना है

(A) व्यावसायिक प्रक्रिया बाह्यस्रोतिकरण (BPO) (B) ई-कॉमर्स

(C) बाह्यस्रोतिकरण (D) ई-बैंकिंग

*Or / अथवा*

Which among the following is ***not*** a characteristic of business risk?

(A) Loss is the reward for risk-bearing.

(B) Business risks are due to uncertainties.

(C) Risk is an essential component of every business.

(D) Degree of risk depends mainly upon the nature and size of business.

निम्नलिखित में से कौन-सी व्यावसायिक जोखिम की विशेषता **नहीं** है?

(A) जोखिम उठाने का पारितोषिक हानि है।

(B) व्यावसायिक जोखिमों का कारण अनिश्चितता है।

(C) जोखिम प्रत्येक व्यवसाय का एक आवश्यक घटक है।

(D) जोखिम की मात्रा मुख्य रूप से व्यवसाय की प्रकृति एवं आकार पर निर्भर है।

**14.** National Small Industries Corporation Ltd. (NSIC) was set up in the year

(A) 1950 (B) 1955

(C) 1951 (D) 1956 1

राष्ट्रीय लघु उद्योग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NSIC) की स्थापना का वर्ष है

(A) 1950 (B) 1955

(C) 1951 (D) 1956

**15.** Which function of management helps in minimizing errors? 1

(A) Planning (B) Organizing

(C) Directing (D) Controlling

प्रबन्ध का कौन-सा कार्य त्रुटियों को कम करने में सहायक है?

(A) नियोजन (B) संगठन

(C) निर्देशन (D) नियंत्रण

*Or / अथवा*

Authority and responsibility relationships among job positions is defined in which of the following functions of management?

(A) Planning (B) Organizing

(C) Staffing (D) Directing

निम्नलिखित में से प्रबन्ध के किस कार्य में काम की स्थिति के अनुसार अधिकार एवं कर्तव्य के संबंध को परिभाषित किया जाता है?

(A) नियोजन (B) संगठन

(C) नियुक्तिकरण (D) निर्देशन

**16.** In government company, the share of the Central Government in paid-up capital must be at least

(A) 30% (B) 49%

(C) 51% (D) 75% 1

एक सरकारी कम्पनी की चुकता पूँजी में केन्द्र सरकार का न्यूनतम भाग होता है

(A) 30% (B) 49%

(C) 51% (D) 75%

**17.** The ability of a firm to convert an asset to cash is called

(A) liquidity (B) solvency

(C) return (D) marketability 1

फर्म द्वारा अपनी परिसंपत्तियों को नकद में परिवर्तित करने की क्षमता कहलाती है

(A) तरलता (B) शोधनक्षमता

(C) वापसी (D) विपण्यता

*Or / अथवा*

*X* Ltd. earned a profit of ₹ 15 crores. Out of this, the company decided to retain ₹ 10 crores for business expansion and growth, this decision relates to

(A) investment decision (B) financing decision

(C) working capital decision (D) dividend decision

*X* Ltd. ने अपने ₹ 15 करोड़ के अर्जित लाभ में से ₹ 10 करोड़ व्यवसाय के विस्तार व वृद्धि के लिए प्रतिधारित करने का निर्णय लिया। यह निर्णय संबंधित है

(A) निवेश निर्णय से (B) वित्तीय निर्णय से

(C) कार्यशील पूँजी निर्णय से (D) लाभांश निर्णय से

**18.** Which of the following is ***not*** a feature of the Departmental Store? 1

(A) 24×7 shopping (B) Wide range of products

(C) Large size (D) Located at a central place

निम्नलिखित में से कौन-सी 'विभागीय भंडार' की विशेषता **नहीं** है?

(A) 24×7 खरीददारी (B) उत्पादों की विस्तृत शृंखला

(C) बड़ा आकार (D) केन्द्रीय स्थान पर स्थित होना

**19.** The full form of NSE is

(A) National Securities Exchange (B) National Stock Exchange

(C) Nominal Securities Exchange (D) Net Sales Earning 1

एन॰ एस॰ ई॰ (NSE) का पूर्ण रूप बताइए।

(A) नैशनल सिक्योरिटिज एक्सचेंज (B) नैशनल स्टॉक एक्सचेंज

(C) नॉमिनल सिक्योरिटिज एक्सचेंज (D) नेट सेल्स अर्निंग

**20.** The 'King of the Market' is

(A) producer (B) consumer

(C) retailer (D) wholesaler 1

'बाजार का राजा' है

(A) उत्पादक (B) उपभोक्ता

(C) फुटकर विक्रेता (D) थोक विक्रेता

*Or / अथवा*

Paid form of non-personal presentation and promotion of goods and services is called

(A) publicity (B) salesmanship

(C) advertising (D) sales promotion

वस्तुओं और सेवाओं के प्रस्तुतीकरण व प्रवर्तन के लिए अवैयक्तिक प्रस्तुति जिसके लिए भुगतान किया गया है, कहलाता है

(A) प्रचार (B) विक्रयकला

(C) विज्ञापन (D) विक्रय प्रवर्तन

## SECTION—B

## खण्ड—ब

**Note** : Question Numbers **21** to **35** given below. Internal choices have been given wherever necessary :

**निर्देश** : नीचे प्रश्न संख्या **21** से **35** दिए गए हैं। जहाँ भी आवश्यक है, आंतरिक विकल्प दिए गए हैं :

**21.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ refers to the official powers and position required to carry out the task.

*(b)* _____ refers to the obligation on the part of the subordinates to whom responsibility and authority are granted.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का संबंध किसी कार्य को करने के लिए प्रदान की गई आधिकारिक शक्ति एवं स्थिति से है।

(ख) _____ का संबंध अधीनस्थों के दायित्व से है जिन्हें कर्तव्य एवं अधिकार प्रदान किया गया है।

*Or / अथवा*

Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ refers to the process of entrustment of a part of work or responsibility and authority to subordinates.

*(b)* _____ refers to systematic efforts to delegate authority at all levels of management.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का संबंध अधीनस्थों को कार्य के एक भाग या जिम्मेदारी व अधिकार को सौंपने की प्रक्रिया से है।

(ख) _____ का संबंध प्रबंध के सभी स्तरों पर व्यवस्थित रूप से अधिकार अंतरण के प्रयत्नों से है।

**22.** Match the type of preference shares given in Column—I with their respective meaning given in Column—II : 2

| *Column—I* | | *Column—II* | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Convertible preference shares | *(i)* | Have a right to share the profit after making payment of dividend at a pre-decided rate to equity shares. |
| *(b)* | Non-cumulative preference shares | *(ii)* | Shares which can be converted into equity shares after a specified period of time. |
| *(c)* | Participating preference shares | *(iii)* | When the amount of preference shares is refundable only at the time of liquidation. |
| *(d)* | Irredeemable preference shares | *(iv)* | The preference shares on which the dividend is not accumulated if it is not paid. |

(A) *(a)* *(i)*, *(b)* *(ii)*, *(c)* *(iii)*, *(d)* *(iv)*

(B) *(a)* *(ii)*, *(b)* *(iv)*, *(c)* *(i)*, *(d)* *(iii)*

(C) *(a)* *(iii)*, *(b)* *(i)*, *(c)* *(iv)*, *(d)* *(ii)*

(D) *(a)* *(iv)*, *(b)* *(iii)*, *(c)* *(ii)*, *(d)* *(i)*

कॉलम—I में दिए गए पूर्वाधिकारी अंशों के प्रकार का मिलान कॉलम—II में दिए गए उनके अर्थ से कीजिए :

| कॉलम—I | कॉलम—II |
|---|---|
| *(a)* परिवर्तनीय पूर्वाधिकारी अंश | *(i)* इन्हें समता अंशों पर पूर्व निर्धारित दर से लाभांश भुगतान के बाद लाभ में भाग लेने का अधिकार होता है। |
| *(b)* असंचयी पूर्वाधिकारी अंश | *(ii)* ये वे अंश हैं, जिन्हें एक निश्चित अवधि के बाद समता अंशों में परिवर्तित किया जा सकता है। |
| *(c)* भागीदारी पूर्वाधिकारी अंश | *(iii)* जब पूर्वाधिकारी अंशों की राशि केवल कम्पनी के समापन के समय ही प्रतिदेय होगी। |
| *(d)* अशोधनीय पूर्वाधिकारी अंश | *(iv)* वे पूर्वाधिकारी अंश, जिन पर यदि लाभांश नहीं दिया गया है, तो वह संचित नहीं होता। |

(A) *(a)* *(i)*  *(b)* *(ii)*  *(c)* *(iii)*  *(d)* *(iv)*

(B) *(a)* *(ii)*  *(b)* *(iv)*  *(c)* *(i)*  *(d)* *(iii)*

(C) *(a)* *(iii)*  *(b)* *(i)*  *(c)* *(iv)*  *(d)* *(ii)*

(D) *(a)* *(iv)*  *(b)* *(iii)*  *(c)* *(ii)*  *(d)* *(i)*

**23.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* The money market instrument which is payable on demand and its maturity period varies between one day to a fortnight is _____.

*(b)* A short-term instrument issued by commercial banks and special financial institutions which are freely transferable from one party to another is _____.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) मुद्रा बाजार का प्रलेख, जिसका पुनर्भुगतान माँग पर देय है और इसकी परिपक्वता अवधि एक दिन से दो सप्ताह तक है, _____ है।

(ख) एक अल्पकालिक प्रलेख, जो वाणिज्यिक बैंकों द्वारा एवं विशिष्ट वित्तीय संस्थानों द्वारा निर्गमित किए जाते हैं और जो एक पक्ष से दूसरे पक्ष को स्वतंत्रतापूर्वक हस्तांतरणीय हैं, _____ है।

*Or / अथवा*

Write True or False of the following statements : 1×2=2

*(a)* Capital market may be defined as a market dealing in short-term and medium-term funds.

*(b)* Financial market may be defined as a transaction mechanism between investors and the borrowers through which transfer of funds is facilitated.

निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत, लिखिए :

(क) पूँजी बाजार को एक ऐसे बाजार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहाँ लघुकालिक व मध्यमकालिक कोषों का लेन-देन होता है।

(ख) वित्तीय बाजार को निवेशक व ऋणी के मध्य लेनदेन के ऐसे तंत्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो वित्तीय कोषों के हस्तांतरण में सुविधा प्रदान करता है।

**24.** Give one word for the following statements : 1×2=2

*(a)* It involves estimating the manpower requirement of an organization.

*(b)* The process of systematically collecting information relating to all aspects of a job.

निम्नलिखित कथनों के लिए एक शब्द दीजिए :

(क) इसमें संगठन के लिए मानव शक्ति आवश्यकता का अनुमान लगाना निहित है।

(ख) कार्य-संबंधी सभी पहलुओं के लिए व्यवस्थित रूप से सूचना एकत्रित करने की प्रक्रिया।

*Or / अथवा*

Give one word for the following statements : 1×2=2

*(a)* The process of finding and attracting suitable applicants for employment.

*(b)* The process of choosing the most suitable person from amongst the list of interested candidates.

निम्नलिखित कथनों के लिए एक शब्द दीजिए :

(क) रोजगार के लिए उपयुक्त आवेदकों को ढूँढ़ने एवं आकर्षित करने की प्रक्रिया।

(ख) इच्छुक अभ्यर्थियों की सूची में से सबसे उपयुक्त व्यक्ति के चुनाव की प्रक्रिया।

**25.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ refers to buying goods from the manufacturers or wholesalers and selling the same to the final consumers.

*(b)* _____ refers to buying goods in large quantities from producers or manufacturers for sale to other traders.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का संबंध निर्माताओं अथवा थोक विक्रेताओं से वस्तुओं का क्रय कर उन्हें अंतिम उपभोक्ताओं को विक्रय करने से है।

(ख) _____ का संबंध उत्पादकों अथवा निर्माताओं से बड़ी मात्रा में वस्तुओं का क्रय कर उन्हें अन्य विक्रेताओं को बेचने से है।

**26.** Give one word for the following : 1×2=2

*(a)* The campaign launched by the Government of India for connecting rural areas with high speed Internet connectivity and improve digital literacy

*(b)* The programme that aims at utilising the existing Indian talent base, creating additional employment opportunities and empowering secondary and tertiary sectors

निम्नलिखित के लिए एक शब्द दीजिए :

(क) भारत सरकार द्वारा आरंभ किया गया अभियान, जिसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को तेज गति की इंटरनेट कनेक्टिविटी व उन्नत डिजिटल शिक्षा से जोड़ा जा रहा है

(ख) वह कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य उपलब्ध भारतीय प्रतिभा आधार का उपयोग अतिरिक्त रोजगार अवसरों का सृजन तथा द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रों को सशक्त बनाना है

*Or / अथवा*

Give one word for the following : 1×2=2

*(a)* Simplified policies to attract foreign capital and technology to India

*(b)* Integrating the economy of a country with the world economy

निम्नलिखित के लिए एक शब्द दीजिए :

(क) विदेशी पूँजी व तकनीक को भारत में आकर्षित करने के लिए सरलीकृत नीतियाँ

(ख) देश की अर्थव्यवस्था को विश्व अर्थव्यवस्था से समन्वित करना

**27.** From the following, identify the major components of working capital : 1×2=2

(a) Supplies, temporary or short-term investments

(b) Customer deposits and deferred revenue, pay roll taxes withhold from employees

निम्नलिखित में से कार्यशील पूँजी के प्रमुख घटकों को पहचानिए :

(क) आपूर्ति, अस्थायी अथवा लघुकालिक निवेश

(ख) ग्राहक जमा तथा आस्थगित आगम, कर्मचारियों के रोके हुए पे-रोल टैक्स

*Or / अथवा*

Identify the following types of leverage : 1×2=2

(a) This refers to the amount of debt in the capital structure of the business firm.

(b) It is the ratio of fixed cost to variable cost.

लीवरेज के प्रकार को पहचानिए :

(क) इसका संबंध व्यावसायिक फर्म के पूँजी ढाँचे में ऋण की राशि से है।

(ख) यह स्थायी लागत का परिवर्तनीय लागत से अनुपात है।

**28.** From the following, identify import trade, export trade and entrepot trade : 1×2=2

(a) When the firm of a country sells goods to the firm of another country

(b) When the firm of a country import goods for the purpose of exporting the same to the firms of some other countries with or without making any change

निम्नलिखित में से आयात, निर्यात व पुनःनिर्यात व्यापार को पहचानिए :

(क) जब एक देश की फर्म दूसरे देश की फर्म को वस्तुएँ बेचती है

(ख) जब एक देश की फर्म वस्तुओं का आयात उनमें परिवर्तन करके अथवा परिवर्तन किए बिना किसी दूसरे देश की फर्म को निर्यात करने के उद्देश्य से करती है

**29.** Identify manufacturing/service small enterprises from the following statements : 1×2=2

*(a)* The enterprises having investment in plant and machinery excluding investments in land and building between ₹ 25 lakh and ₹ 5 crores.

*(b)* The enterprises having investment in plant and machinery excluding investments in land and building between ₹ 10 lakh and ₹ 2 crores.

निम्नलिखित कथनों से निर्माणी/सेवा लघु उद्यमों को पहचानिए :

(क) ऐसे उद्यमों, जिनमें भूमि एवं भवन के निवेश के अतिरिक्त प्लांट व मशीनरी में निवेश ₹ 25 लाख से ₹ 5 करोड़ के बीच है।

(ख) ऐसे उद्यमों, जिनके भूमि एवं भवन में निवेश के अतिरिक्त प्लांट एवं मशीनरी में निवेश ₹ 10 लाख से ₹ 2 करोड़ के बीच है।

**30.** Give one word for the following statements : 1×2=2

*(a)* The component of marketing mix that relates to channels of distribution.

*(b)* The component of marketing mix which persuades and influences the consumers.

निम्नलिखित कथनों के लिए एक शब्द दीजिए :

(क) विपणन मिश्र का वह घटक, जिसका संबंध वितरण माध्यमों से है।

(ख) विपणन मिश्र का वह घटक, जिसका संबंध उपभोक्ताओं को आश्वस्त व प्रभावित करने से है।

*Or / अथवा*

Give one word for the following : 1×2=2

*(a)* Goods meant for personal consumption by the households

*(b)* Goods meant for use as inputs in production

निम्नलिखित के लिए एक शब्द दीजिए :

(क) परिवार द्वारा व्यक्तिगत उपभोग हेतु आवश्यक सामान

(ख) उत्पादन में लगने वाला निवेश के रूप में आवश्यक सामान

**31.** Identify the type of private company being referred to in the following statements : 1×2=2

*(a)* A company whose turnover as per its last Profit and Loss Account does not exceed ₹ 2 crores.

*(b)* The company having relaxation from preparing cash flow statement, holding annual general meeting, etc.

निम्नलिखित कथनों में बताए गए 'निजी कम्पनी' के प्रकार को पहचानिए :

(क) एक कम्पनी, जिसकी कुल बिक्री उसके पिछले लाभ-हानि खाते के आधार पर ₹ 2 करोड़ से अधिक नहीं है।

(ख) एक ऐसी कम्पनी, जिसे रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने व वार्षिक आम बैठक आयोजित करने आदि से छूट मिली हुई है।

**32.** Identify the following and write 'ES' for equity share and 'D' for debenture : 1×2=2

*(a)* These holders get assured return irrespective of profit.

*(b)* It is suitable for those who wants to take risk for higher return.

निम्नलिखित को पहचानिए तथा समता अंश के लिए 'ES' व ऋणपत्र के लिए 'D' लिखिए :

(क) इन धारकों को सुनिश्चित वापसी मिलती है, चाहे लाभ हो या नहीं।

(ख) यह उनके लिए अनुकूल है, जो अधिक वापसी का जोखिम उठाना चाहते हैं।

**33.** Write the full forms of the following : 1×2=2

*(a)* NSDC

*(b)* NSDM

निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिए :

(क) एन॰ एस॰ डी॰ सी॰

(ख) एन॰ एस॰ डी॰ एम॰

*Or* / *अथवा*

Write the full forms of the following : 1×2=2

*(a)* NSDA

*(b)* SSC

निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिए :

(क) एन० एस० डी० ए०

(ख) एस० एस० सी०

**34.** Correct the following sentences : 1×2=2

*(a)* Zero-stage distribution channel exists where there is an indirect sale of goods by producer to customers.

*(b)* In one-stage channel of distribution, there are two middlemen used namely, wholesaler and retailer.

निम्न वाक्यों को सही कीजिए :

(क) शून्य-स्तरीय वितरण माध्यम वहाँ है, जहाँ उत्पादक अपने उपभोक्ता को अप्रत्यक्ष माध्यम से वस्तुओं का विक्रय करता है।

(ख) एक-स्तरीय वितरण माध्यम में दो मध्यस्थ होते हैं, जिनके नाम हैं थोक विक्रेता और फुटकर विक्रेता।

**35.** Identify the method of price fixation : 1×2=2

*(a)* Soham fixes the prices of shirts that he manufactures at 15% higher than the cost.

*(b)* Rampal, a fruit vendor, increases the price of apples if there is a heavy demand for them.

मूल्य-निर्धारण की पद्धति पहचानिए :

(क) सोहम जिन कमीजों का उत्पादन करता है उनका मूल्य लागत से 15% अधिक निर्धारित करता है।

(ख) रामपाल, एक फल विक्रेता, माँग में भारी वृद्धि होने पर सेब का मूल्य बढ़ा देता है।

## SECTION—C

## खण्ड–स

**Note** : Question Numbers **36** to **51** given below. Internal choices have been given wherever necessary :

**निर्देश** : नीचे प्रश्न संख्या **36** से **51** दिए गए हैं। जहाँ भी आवश्यक है, आंतरिक विकल्प दिए गए हैं :

**36.** "It is common now to see CD-ROM's, computerized information kiosks, and Internet/World Wide Web multimedia pages highlighting the virtues of products." Name the components of the business environment highlighted by this statement.

Also name the two other components of non-economic environment affecting business. 2

''आज सी०डी०-रोम, कम्प्यूटरीकृत सूचना कियोस्क और इंटरनेट/वर्ल्ड वाइड वेब मल्टीमीडिया पर किसी उत्पाद के गुणों को दर्शाते हुए पेज देखना साधारण है।'' इस कथन में व्यावसायिक वातावरण के जिन तत्त्वों पर प्रकाश डाला गया है, उनके नाम बताइए।

व्यवसाय को प्रभावित करने वाले दो अन्य अनार्थिक तत्त्वों के नाम भी बताइए।

**37.** State any *two* benefits of training to employees. 2

कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण के किन्हीं **दो** लाभों का उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

Name the process through which the new employees are introduced to the organization. Why is it significant? State.

उस प्रक्रिया का नाम बताइए, जिसके माध्यम से नए कर्मचारियों को संस्था से परिचित करवाया जाता है। यह क्यों महत्त्वपूर्ण है? उल्लेख कीजिए।

**38.** Differentiate between 'advertising and sales promotion' on the basis of—

(*a*) objectives;

(*b*) nature. 2

'विज्ञापन' व 'विक्रय संवर्धन' में निम्नलिखित आधारों पर अन्तर्भेद कीजिए :

(क) उद्देश्य

(ख) प्रकृति

**39.** State any *four* objectives of World Trade Organization. 2

'विश्व व्यापार संगठन (WTO)' के किन्हीं **चार** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

State any *four* points highlighting the role of World Trade Organization.

विश्व व्यापार संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालने वाले किन्हीं **चार** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

**40.** Give the meaning of durable and non-durable goods. 2

'टिकाऊ' तथा 'गैर-टिकाऊ' वस्तुओं का अर्थ दीजिए।

*Or / अथवा*

Give the meaning of tangible and intangible goods.

'मूर्त' तथा 'अमूर्त' वस्तुओं का अर्थ दीजिए।

**41.** Name the outsourcing services that require expertise of a higher order knowledge work. Why is this outsourcing done? State. 2

उन बाह्यस्रोतिकरण सेवाओं के नाम बताइए, जिनके लिए उच्चस्तरीय ज्ञान कार्य की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। यह बाह्यस्रोतिकरण क्यों किया जाता है? उल्लेख कीजिए।

**42.** Name the function of management that harmonizes group efforts so as to achieve the goals of the organization. State any *two* points of significance of this function. 3

प्रबन्ध के उस कार्य का नाम बताइए, जो समूह के प्रयासों में सामंजस्य स्थापित करता है ताकि संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इस कार्य के महत्त्व के किन्हीं **दो** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

**43.** "It is a form of retailing wherein two parties enter into an agreement in which one party authorizes others to sell or produce specified goods and services."

*(a)* Identify the form of large-scale retail business.

*(b)* Identify the two parties involved in the business identified in *(a)* above.

*(c)* Give an example of such business. 3

''यह फुटकर व्यापार का एक ऐसा रूप है, जिसमें दो पक्षों में हुए समझौते के अन्तर्गत एक पक्ष, दूसरे पक्ष को विशेष वस्तुओं और सेवाओं को बेचने अथवा उत्पादित करने के लिए अधिकृत करता है।''

(क) बड़े पैमाने के फुटकर व्यापार के इस रूप को पहचानिए।

(ख) भाग (क) में पहचाने गए व्यवसाय में सम्मिलित दो पक्षों को पहचानिए।

(ग) इस प्रकार के व्यवसाय का एक उदाहरण दीजिए।

*Or / अथवा*

JG Transport Company is providing the service of sending goods from one part of the country to another. At the time of booking the goods, a receipt is issued by JG Transport Company.

*(a)* Name the receipt which is issued at the time of booking of goods by the company.

*(b)* List the information covered in this receipt.

जे॰ जी॰ परिवहन कम्पनी वस्तुओं को देश के एक भाग से अन्य भागों में पहुँचाने की सेवा प्रदान करती है। माल की बुकिंग के समय जे॰ जी॰ परिवहन कम्पनी द्वारा एक रसीद जारी की जाती है।

(क) कम्पनी द्वारा माल की बुकिंग के समय जारी की जाने वाली रसीद का नाम बताइए।

(ख) इस रसीद में दी जाने वाली सूचनाओं की सूची बनाइए।

**44.** Differentiate between 'fixed capital' and 'working capital' on the basis of—

*(a)* meaning;

*(b)* tenure;

*(c)* benefits. 3

'स्थायी पूँजी' एवं 'कार्यशील पूँजी' में निम्नलिखित आधारों पर अन्तर्भेद कीजिए :

(क) अर्थ

(ख) अवधि

(ग) लाभ

*Or / अथवा*

Explain the following as determinants of working capital :

*(a)* Nature of business

*(b)* The manufacturing cycle

*(c)* Promotional and formative phase

निम्नलिखित को कार्यशील पूँजी के निर्धारकों के रूप में समझाइए :

(क) व्यवसाय की प्रकृति

(ख) उत्पादन चक्र

(ग) आरंभिक व प्रवर्तन अवस्था

**45.** Sukesh is working in a textile industry. He is the Human Resource Manager and has to recruit 10 salesmen for the company. After determining the qualification and experience required for various jobs involved, he is in search of suitable candidates. For this purpose, he decided to use various sources from outside the organization. Explain any *three* such sources. 3

सुकेश एक कपड़ा उद्योग में काम करता है। वह मानव संसाधन प्रबंधक है। उसे कम्पनी के लिए 10 विक्रयकर्ताओं की भर्ती करनी है। विभिन्न कार्यों के लिए आवश्यक शिक्षण योग्यता व अनुभव के निर्धारण के बाद वह उपयुक्त उम्मीदवारों को खोज रहा है। इस उद्देश्य से उसने संगठन से बाहर के विभिन्न स्रोतों का उपयोग करने का निर्णय लिया। ऐसे किन्हीं **तीन** स्रोतों को समझाइए।

*Or / अथवा*

Mukesh, the Human Resource Manager of BP Ltd., an electronics company, has received a number of applications for the post of Production Manager. From amongst the various applications, he has to choose only one. Identify the process which Mukesh would use to choose the most suitable candidate. Explain the first *two* steps of the process identified.

मुकेश, बी०पी०लिमिटेड में मानव संसाधन प्रबन्धक है। उसे अपनी इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनी में उत्पादक प्रबन्धक के पद के लिए कई आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन विभिन्न आवेदनों में से उसे केवल एक को ही चुनना है। उस प्रक्रिया को पहचानिए, जिसका प्रयोग करके मुकेश सबसे उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करेगा। पहचानी गई प्रक्रिया के प्रथम **दो** चरणों को समझाइए।

**46.** Suraj has completed diploma in Sales and Marketing from a reputed institute. He now wants to take up a job as a salesman. Guide him by stating any three qualities that he must possess to become a good salesman. 3

सूरज ने एक प्रतिष्ठित संस्थान से विक्रय एवं विपणन का डिप्लोमा पूरा किया है। अब वह एक विक्रयकर्ता की नौकरी करना चाहता है। एक अच्छे विक्रयकर्ता के तीन गुणों का उल्लेख करते हुए, जो उसमें अवश्य होने चाहिए, उसका मार्गदर्शन कीजिए।

**47.** State any *two* formalities to be completed by clearing agent in external trade. 3

बाह्य व्यापार में निकासी अभिकर्ता द्वारा पूरी की जाने वाली किन्हीं **दो** औपचारिकताओं का उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

Give the meaning of the following documents used in external trade :

*(a)* Indent

*(b)* Letter of credit

बाह्य व्यापार में प्रयुक्त निम्नलिखित प्रलेखों का अर्थ दीजिए :

(क) इन्डेंट

(ख) साख-पत्र

**48.** Differentiate between 'Private Limited' and 'Public Limited' company on any *five* bases as per the provisions of the Companies Act, 2013. 5

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, 'निजी लिमिटेड' व 'सार्वजनिक लिमिटेड' कम्पनी में किन्हीं **पाँच** आधारों पर अंतर कीजिए।

*Or / अथवा*

Differentiate between 'public enterprise' and 'private enterprise' on any *five* bases.

'सार्वजनिक उद्यम' व 'निजी उद्यम' में किन्हीं **पाँच** आधारों पर अंतर कीजिए।

**49.** Explain the steps in the process of controlling. 5

नियन्त्रण-प्रक्रिया के चरणों को समझाइए।

**50.** Suresh is a broker in a stock exchange. His son, Rahul, a student of class XII is now-a-days studying the chapter of 'stock exchange' as a part of his business studies syllabus. He asks various questions regarding the functions of stock exchange from his father. Before explaining the functions of stock exchange, Rahul's father first describes the meaning of stock exchange as per the Securities Contract (Regulation) Act.

*(a)* Give the meaning of 'stock exchange' as per the Act explained by Rahul's father.

*(b)* Explain any *two* functions of stock exchange. 5

सुरेश शेयर बाजार में एक दलाल है। उसका पुत्र राहुल, जो कि कक्षा XII का छात्र है, आजकल अपने व्यवसाय अध्ययन पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में शेयर बाजार का पाठ पढ़ रहा है। वह अपने पिता से शेयर बाजार के कार्यों से सम्बन्धित कई प्रश्न पूछता रहता है। राहुल के पिता ने उसे शेयर बाजार के कार्य समझाने से पहले प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम के अनुसार शेयर बाजार का अर्थ समझाया।

(क) अधिनियम के अनुसार राहुल के पिता द्वारा समझाया गया शेयर बाजार का अर्थ दीजिए।

(ख) शेयर बाजार के किन्हीं **दो** कार्यों को समझाइए।

*Or / अथवा*

"As part of its efforts to protect investor's interests, the Securities and Exchange Board of India (SEBI) has initiated many primary market reforms like improved disclosure standards in public issue documents, introduction of prudential norms and simplification of issue procedures, etc."

Explain *five* other primary market reforms initiated by the SEBI except those discussed above.

''निवेशकों के हितों की रक्षा के प्रयासों के एक भाग के रूप में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्राथमिक बाजार में सुधार के बहुत से कार्यक्रम आरंभ किए हैं, जैसे सार्वजनिक निर्गमन प्रलेखों को सुधरे हुए प्रकटीकरण मानक, विवेकपूर्ण मानदंडों का प्रस्तुतीकरण एवं निर्गमन कार्यविधि का सरलीकरण आदि।''

ऊपर दिए गए सुधारों के अतिरिक्त सेबी (SEBI) द्वारा प्राथमिक बाजार में आरंभ किए गए **पाँच** अन्य सुधारों को समझाइए।

**51.** Give the meaning of 'self-employment'. State any *four* characteristics of self-employment. 5

'स्वरोजगार' का अर्थ दीजिए। 'स्वरोजगार' की किन्हीं **चार** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

★ ★ ★

**OLD**

This Question Paper consists of 51 questions.
इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत 51 प्रश्न हैं।

# BUSINESS STUDIES

## व्यावसायिक अध्ययन

## (319)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This question paper consists of 51 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section–A** consists of Question Nos. **1** to **20**—Multiple Choice-type Questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only one of the given choices in such questions.

(v) **Section–B** consists of Question Nos. **21** to **35**—Objective-type Questions carrying *2* marks each (with 2 sub-parts of *1* mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

(vi) **Section–C** consists of

(a) Question Nos. **36** to **41**—Very Short Answer-type Questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words.

(b) Question Nos. **42** to **47**—Short Answer-type Questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

(c) Question Nos. **48** to **51**—Long Answer-type Questions carrying *5* marks each to be answered in the range of *80* to *120* words.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 51 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड–अ** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें। इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल एक का ही उत्तर देना है।

(v) **खण्ड–ब** में प्रश्न संख्या **21** से **35** तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *2* अंक का है (*1* अंक के 2 उप-भागों के साथ)। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर दें।

(vi) **खण्ड–स** में शामिल है :

(a) प्रश्न संख्या **36** से **41**, *2* अंक के अति-लघूत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *30* से *50* शब्दों में देने हैं।

(b) प्रश्न संख्या **42** से **47**, *3* अंक के लघूत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *50* से *80* शब्दों में देने हैं।

(c) प्रश्न संख्या **48** से **51**, *5* अंक के दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *80* से *120* शब्दों में देने हैं।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION—A

### खण्ड–अ

**Note** : Question Numbers **1** to **20** are MCQs of *1* mark each. Internal choices have been given wherever necessary :

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है। जहाँ आवश्यक है, आंतरिक विकल्प दिए गए हैं :

**1.** Which of the following is the last stage in the on-line transaction process? 1

(A) Payment
(B) Order
(C) After sale service
(D) Search

ऑन-लाइन लेनदेन प्रक्रिया में निम्नलिखित में सी कौन-सी अन्तिम अवस्था है?

(A) भुगतान
(B) आदेश
(C) विक्रय पश्चात् सेवा
(D) खोज

**2.** Which of the following is the part of legal environment of business? 1

(A) Economic policies (B) Provisions of the Constitution

(C) Judicial decisions (D) Both (B) and (C)

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवसाय के विधिक पर्यावरण का भाग है?

(A) आर्थिक नीतियाँ (B) संविधान के प्रावधान

(C) न्यायिक निर्णय (D) दोनों (B) तथा (C)

*Or / अथवा*

Which of the following is ***not*** a part of non-economic environment of business?

(A) Social environment (B) Political environment

(C) Legal environment (D) Economic system

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवसाय के गैर-आर्थिक पर्यावरण का भाग **नहीं** है?

(A) सामाजिक पर्यावरण (B) राजनीतिक पर्यावरण

(C) विधिक पर्यावरण (D) आर्थिक प्रणाली

**3.** *X* Ltd. holds 60% share capital of *Y* Ltd. *X* Ltd. is a

(A) holding company (B) subsidiary company

(C) government company (D) Both (B) and (C) 1

एक्स लिमिटेड, वाई लिमिटेड के 60% अंश पूँजी का धारक है। एक्स लिमिटेड है, एक

(A) नियंत्रक कम्पनी (B) सहायक कम्पनी

(C) सरकारी कम्पनी (D) दोनों (B) तथा (C)

**4.** The full form of PPP is

(A) Public-Public Partnership (B) Private-Private Partnership

(C) Private-Public Partnership (D) Public-Private Partnership 1

पी० पी० पी० का पूर्ण रूप है

(A) पब्लिक-पब्लिक पार्टनरशिप (B) प्राइवेट-प्राइवेट पार्टनरशिप

(C) प्राइवेट-पब्लिक पार्टनरशिप (D) पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप

*Or* / *अथवा*

Which of the following is ***not*** an example of a departmental undertaking?

(A) Railways (B) All India Radio

(C) Food Corporation of India (D) Doordarshan

निम्नलिखित में से कौन-सा विभागीय उपक्रम का उदाहरण **नहीं** है?

(A) रेलवे (B) ऑल इंडिया रेडियो

(C) भारतीय खाद्य निगम (D) दूरदर्शन

**5.** To arrange disbursement of unemployment allowance to specific categories of jobseekers is the function of which of the following? 1

(A) Placement agencies (B) Friends and relatives

(C) Employment exchanges (D) Both (A) and (B)

नौकरी के इच्छुक कुछ विशेष वर्ग के लोगों को बेरोजगारी भत्ते के वितरण की व्यवस्था करना, निम्नलिखित में से किसका कार्य है?

(A) नौकरी दिलाने वाली एजेन्सी (B) मित्र एवं सगे-संबंधी

(C) रोजगार कार्यालय (D) दोनों (A) तथा (B)

**6.** Sometimes informations about job vacancies are also telecasted through

(A) employment news (B) leaflets

(C) television (D) Internet 1

कभी-कभी रोजगार के विषय में सूचनाओं का प्रसारण _____ के माध्यम से भी किया जाता है।

(A) रोजगार समाचार (B) पर्चे

(C) टेलीविजन (D) इन्टरनेट

*Or* / *अथवा*

Which of the following undertakes career counselling and vocational guidance with a view to effectively guiding the jobseekers?

(A) Employment exchange (B) Placement agencies

(C) Employment news (D) Mobile phone

निम्नलिखित में से कौन-सा जीविका के लिए सलाह और नौकरी की तलाश करने वालों को प्रभावपूर्ण मार्गदर्शन देता है?

(A) रोजगार कार्यालय (B) नियुक्तिकरण एजेन्सी

(C) रोजगार समाचार (D) मोबाइल फोन

**7.** Management consultants specialize in the placement of executives at the

(A) top-level (B) middle-level

(C) lower-level (D) both top-level and middle-level 1

प्रबंध परामर्शदाता प्रबंध के _____ कार्यकारी अधिकारियों की नियुक्ति के विशेषज्ञ होते हैं।

(A) उच्च-स्तरीय (B) मध्य-स्तरीय

(C) निम्न-स्तरीय (D) दोनों उच्च-स्तरीय तथा मध्य-स्तरीय

**8.** When applying for a job, the biodata should be accompanied with an appropriate _____ letter. 1

(A) opening (B) closing

(C) covering (D) Both (A) and (B)

जब किसी पद के लिए आवेदन किया जाता है, तो जीवन-वृत्तांत के साथ आवश्यक _____ पत्र संलग्न किया जाता है।

(A) आरम्भिक (B) अन्तिम

(C) कवर (D) दोनों (A) तथा (B)

*Or / अथवा*

What will you do if during an interview for employment insulting or irrelevant questions are asked?

(A) Get angry (B) Lose your control

(C) Get angry but do not lose control (D) Do not get angry and lose control

यदि रोजगार के लिए साक्षात्कार के समय अपमानजनक अथवा अप्रासंगिक प्रश्न पूछे जाते हैं, तो आप क्या करेंगे?

(A) गुस्सा करेंगे (B) अपना नियन्त्रण खोयेंगे

(C) गुस्सा करेंगे परन्तु नियन्त्रण नहीं खोयेंगे (D) गुस्सा नहीं करेंगे तथा नियन्त्रण नहीं खोयेंगे

**9.** A plan laying down the what, how, who and when of accomplishing a specific job is called 1

(A) programme (B) policy

(C) budget (D) procedure

वह योजना, जो किसी विशिष्ट कार्य को पूरा करने के क्या, कैसे, कौन तथा कब का निर्धारण करती है, कहलाती है

(A) प्रोग्राम (B) नीति

(C) बजट (D) कार्यविधि

*Or / अथवा*

The plan that determines how the different activities of the procedure are completed is called

(A) programme (B) policy

(C) rule (D) method

वह योजना, जो कार्यविधि को पूरा करने की विभिन्न गतिविधियों का निर्धारण करती है, कहलाती है

(A) प्रोग्राम (B) नीति

(C) नियम (D) विधि

**10.** _____ refers to the officially established pattern of relationships among departments, divisions and individuals to achieve the well-defined goals and a consciously designed structure of roles. 1

(A) Planning (B) Organizing

(C) Formal organization (D) Informal organization

_____ का संबंध विभिन्न विभागों, उपविभागों, कर्मचारियों आदि के बीच औपचारिक रूप से स्थापित संबंधों से है जिसके द्वारा स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्य को पूरा किया जा सके तथा इसमें विवेकपूर्ण रूप से डिजाइन की गई भूमिकाएँ होती हैं।

(A) नियोजन (B) संगठन

(C) औपचारिक संगठन (D) अनौपचारिक संगठन

*Or / अथवा*

The systematic effort to grant authority at all levels of management and in all departments is called

(A) delegation (B) decentralization

(C) centralization (D) communication

क्रमबद्ध प्रयत्नों से प्रबंध के सभी स्तरों पर और समस्त विभागों में अधिकार प्रदान करना कहलाता है

(A) अंतरण (B) विकेंद्रीकरण

(C) केंद्रीकरण (D) संप्रेषण

**11.** _____ guides and helps the subordinates to complete the given task properly and as per given schedule. 1

(A) Planning (B) Organizing

(C) Staffing (D) Directing

_____ अधीनस्थों को दिए गए कार्यों को कार्यक्रम के अनुसार अच्छी तरह से पूरा करने के लिए पथप्रदर्शन करता है।

(A) नियोजन (B) संगठन

(C) नियुक्तिकरण (D) निदेशन

*Or / अथवा*

_____ ensures that work is done according to the orders and instructions.

(A) Planning (B) Supervision

(C) Leadership (D) Communication

_____ सुनिश्चित करता है कि कार्य आदेशों तथा निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

(A) नियोजन (B) पर्यवेक्षण

(C) नेतृत्व (D) संप्रेषण

**12.** Which of the following is a factor ***not*** affecting dividend decision? 1

(A) Market conditions (B) Liquidity requirement

(C) Financial needs of the company (D) Tax policy

निम्नलिखित में से कौन-सा लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाला एक कारक **नहीं** है?

(A) बाजार की स्थिति (B) तरलता आवश्यकता

(C) कम्पनी की वित्तीय आवश्यकता (D) कर नीति

**13.** The most judicious capital structure of a company is called _____ capital structure. 1

(A) best (B) optimum

(C) desirable (D) Both (A) and (C)

कम्पनी की सबसे उचित पूँजी संरचना को _____ पूँजी संरचना कहते हैं।

(A) सर्वोत्तम (B) अनुकूलतम

(C) वांछित (D) दोनों (A) तथा (C)

**14.** Need for shelter is which class of need? 1

(A) Physiological needs (B) Social needs

(C) Ego needs (D) Safety needs

घर की आवश्यकता किस प्रकार की आवश्यकता है?

(A) क्रियात्मक आवश्यकता (B) सामाजिक आवश्यकता

(C) अहम् आवश्यकता (D) सुरक्षा आवश्यकता

*Or / अथवा*

Rigidity of rules many results into which type of barrier of communication?

(A) Semantic barriers (B) Psychological barriers

(C) Organizational barriers (D) Personal barriers

नियमों की कठोरता का परिणाम किस प्रकार की संप्रेषण बाधा बन सकता है?

(A) भाषागत बाधा (B) मनोवैज्ञानिक बाधा

(C) संगठनात्मक बाधा (D) व्यक्तिगत बाधा

**15.** Which of the following focuses on the traditional concept of marketing? 1

(A) Product (B) Selling

(C) Profits through maximization of sales (D) Consumers' needs

निम्नलिखित में से कौन-सा विपणन की पारंपरिक अवधारणा पर बल देता है?

(A) उत्पाद (B) विक्रय

(C) विक्रय के माध्यम से अधिकतम लाभ (D) उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ

*Or / अथवा*

One who actually uses the product or service is called

(A) buyer (B) customer

(C) marketeer (D) consumer

वह, जो वास्तव में उत्पाद या सेवा का उपभोग करता है, कहलाता है

(A) क्रेता (B) ग्राहक

(C) विपणनकर्ता (D) उपभोक्ता

**16.** Collection and analysis of facts relevant to various aspects of marketing is called

(A) product planning and development (B) standardization and grading

(C) market research (D) branding 1

विपणन के विभिन्न पहलुओं के विषय से जुड़े तथ्यों का संग्रहण और विश्लेषण कहलाता है

(A) उत्पाद योजना और विकास (B) मानकीकरण और श्रेणीकरण

(C) विपणन शोध (D) ब्रैन्डिंग

*Or / अथवा*

The act of designing and producing appropriate container or cover for the product is called

(A) packaging (B) labelling

(C) branding (D) Both (A) and (C)

उत्पाद के लिए उपयुक्त कन्टेनर अथवा आवरण की डिजाइनिंग और प्रोड्युसिंग का कार्य कहलाता है

(A) पैकेजिंग (B) लेबलिंग

(C) ब्रैन्डिंग (D) दोनों (A) तथा (C)

**17.** Distributing free gifts of a product is an example of which element of promotion mix? 1

(A) Advertising (B) Publicity

(C) Personal selling (D) Sales promotion

किसी उत्पाद का मुफ्त सैंपल बाँटना प्रवर्तन मिश्र के किस तत्त्व का उदाहरण है?

(A) विज्ञापन (B) प्रचार

(C) व्यक्तिगत विक्रय (D) विक्रय संवर्धन

**18.** Physical movement of goods from one place to another is called

(A) distribution (B) transportation

(C) buying (D) Both (A) and (C) 1

वस्तुओं को भौतिक रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान पहुँचाना कहलाता है

(A) वितरण (B) परिवहन

(C) क्रय (D) दोनों (A) तथा (C)

**19.** The sale of tea by an Indian company to a firm of another country will be called as

(A) import (B) export

(C) entrepot (D) Both (A) and (B) 1

एक भारतीय कम्पनी द्वारा किसी अन्य देश के फर्म को चाय बेचना कहलाएगा

(A) आयात (B) निर्यात

(C) पुनःनिर्यात (D) दोनों (A) तथा (B)

**20.** _____ help importer and exporter in sending and receiving the order or goods along with other instructions. 1

(A) Indent Houses (B) Export Houses

(C) Import Houses (D) Shipping Company

_____ आयातक एवं निर्यातक को अन्य निर्देशों सहित माल भेजने एवं प्राप्त करने में सहायता करते हैं।

(A) इन्डेन्ट हाउस (B) निर्यात गृह

(C) आयात गृह (D) जहाजी कंपनी

## SECTION—B

### खण्ड–ब

**Note** : Question Numbers **21** to **35** given below. Internal choices have been given wherever necessary :

**निर्देश** : नीचे प्रश्न संख्या **21** से **35** दिए गए हैं। आवश्यकतानुसार आंतरिक विकल्प दिए गए हैं :

**21.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ means external forces, factors and institutions that are beyond the control of the business and they affect the functioning of a business enterprise.

*(b)* _____ refers to the size, density, distribution and growth rate of population.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का अर्थ उन बाह्य शक्तियों, तत्त्वों एवं संस्थाओं से है जो व्यवसाय के नियन्त्रण से बाहर हैं और व्यावसायिक उद्यम की कार्यप्रणाली को प्रभावित करती हैं।

(ख) _____ का अभिप्राय जनसंख्या के आकार, घनत्व, वितरण एवं बढ़ोतरी की दर से है।

*Or / अथवा*

Write the full forms of the following : 1×2=2

*(a)* MNC

*(b)* C2C

निम्नलिखित का पूर्ण रूप दीजिए :

(क) एम॰ एन॰ सी॰

(ख) सी॰ 2 सी॰

**22.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ means partnership between public sector and private sector in financing, designing and developing infrastructural facilities.

*(b)* A company created by a Special Act of the Parliament or State Legislature is called _____ company.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का अर्थ है वित्तीयन, डिजाइन करने एवं आधारभूत ढाँचा की सुविधाओं में सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के बीच साझेदारी।

(ख) संसद अथवा राज्य विधायिका के विशेष अधिनियम द्वारा गठित कम्पनी _____ कम्पनी कहलाती है।

*Or / अथवा*

Write the full forms of the following : 1×2=2

*(a)* SEBI

*(b)* BHEL

निम्नलिखित का पूर्ण रूप दीजिए :

(क) एस० ई० बी० आइ०

(ख) बी० एच० ई० एल०

**23.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* The primary objective of _____ is settlement of jobseekers either through regular jobs or through self-employment.

*(b)* The placement agencies basically help in informing the availability of jobs in _____ sectors.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का मूल उद्देश्य नियमित पद अथवा स्व-रोजगार के माध्यम से रोजगार की तलाश में लगे लोगों को रोजगार दिलाना है।

(ख) प्लेसमेंट एजेन्सी का मूल कार्य _____ क्षेत्रों में नौकरियों की उपलब्धता के संबंध में सूचित करना होता है।

**24.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ are the most common print media for advertisement of job vacancies.

*(b)* _____ test is conducted to test the subject knowledge or general aptitude of the candidates.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ रिक्त पदों को विज्ञापित करने के लिए सर्वसाधारण प्रिंट मीडिया हैं।

(ख) _____ परीक्षा विषय के ज्ञान की परीक्षा अथवा प्रत्याशियों की सामान्य अभिरुचियों की परीक्षा करने के लिए ली जाती है।

**25.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ reduces uncertainty, risk and confusion in operation.

*(b)* Planning may create a _____ of security among the employees of an organization in the sense that since the activities will take place as per plan therefore, there is no need to worry.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ क्रियाकलापों में अनिश्चितताएँ, जोखिम और भ्रामक स्थितियाँ कम करती हैं।

(ख) एक संगठन के कर्मचारियों में नियोजन सुरक्षा का _____ उत्पन्न कर देता है। कर्मचारी सोचते हैं कि कार्य यदि योजना के अनुसार हो रहा है, तो उन्हें चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है।

*Or / अथवा*

State whether the following statements are related to formal or informal organizations : 1×2=2

*(a)* It is not created by top management.

*(b)* It is permanent and stable.

उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन औपचारिक अथवा अनौपचारिक संगठन से संबंधित हैं :

(क) इसका सृजन उच्च प्रबंध द्वारा नहीं होता है।

(ख) यह स्थायी तथा स्थिर है।

**26.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ are the end results towards which all the activities are directed.

*(b)* _____ is a general statement that guides decision making.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ अन्तिम परिणाम होते हैं जिनके लिए सभी गतिविधियों को निर्देशित किया जाता है।

(ख) _____ एक सामान्य कथन है जो निर्णय लेने को निर्देशित करती है।

*Or / अथवा*

Answer the following : 1×2=2

*(a)* State the first step in the process of organizing.

*(b)* In which type of organization managers have formal authority?

निम्नलिखित का उत्तर दीजिए :

(क) संगठन प्रक्रिया के प्रथम चरण का उल्लेख कीजिए।

(ख) किस प्रकार के संगठन में प्रबंधकों के पास औपचारिक अधिकार होते हैं?

**27.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ is the systematic effort to delegate authority at all levels of the management and in all departments.

*(b)* _____ is done to speed up the work and is essential in every organization.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का अर्थ उन क्रमबद्ध प्रयत्नों से है जिनके द्वारा प्रबन्ध के सभी स्तरों और समस्त विभागों में अधिकार अंतरण होता है।

(ख) _____ से काम की गति बढ़ जाती है और यह हर संगठन में आवश्यक है।

*Or / अथवा*

State whether the following statements are a feature or importance of planning function of management : 1×2=2

*(a)* Planning is always futuristic.

*(b)* Planning is a continuous process.

उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन प्रबन्ध के नियोजन कार्य की विशेषता अथवा महत्त्व हैं :

(क) नियोजन भविष्यवादी होता है।

(ख) नियोजन एक सतत प्रक्रिया है।

**28.** State whether the following statements about National Stock Exchange of India are true : 1×2=2

*(a)* One of the objectives of NSEI is to meet International Standards.

*(b)* NSEI was recognized in 1975.

उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन भारत के राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के संदर्भ में सही हैं :

(क) भारत के राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज का एक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करना है।

(ख) भारत के राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज को 1975 में मान्यता प्राप्त हुई थी।

*Or / अथवा*

State whether the following statements are True or False : 1×2=2

*(a)* SEBI regulates the securities market.

*(b)* Statutory recognition was granted to SEBI in 1975.

उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत :

(क) सेबी प्रतिभूति बाजार को नियन्त्रित करता है।

(ख) सेबी को वर्ष 1975 में सांविधिक मान्यता प्रदान की गई।

**29.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ that is connecting physical certificates into electronic form.

*(b)* Services provided by depository are termed as _____.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ अर्थात् भौतिक प्रमाणपत्रों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में परिवर्तित करना।

(ख) निक्षेपागार द्वारा प्रदान की गई सेवाएँ _____ कहलाती हैं।

*Or / अथवा*

Give the full forms of the following in respect of working of depository system : 1×2=2

*(a)* DRF

*(b)* DP

निक्षेपागार प्रणाली कार्य के संबंध में निम्नलिखित का पूर्ण रूप दीजिए :

(क) डी० आर० एफ०

(ख) डी० पी०

**30.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ is mainly used by the banks to meet their temporary requirements of cash.

*(b)* _____ is the market for short-term funds.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ बैंकों द्वारा मुख्य रूप से उनकी रोकड़ की अस्थायी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपयोग की जाती है।

(ख) _____ अल्पकालीन कोषों का बाजार है।

*Or / अथवा*

Classify the following into various types of money market instruments : 1×2=2

*(a)* It is a popular instrument for financing working capital requirements of the company.

*(b)* These are short-term instruments issued by commercial banks or special financial institutions which are freely transferable from one party to another.

निम्नलिखित का विभिन्न प्रकार के मुद्रा बाजार प्रपत्रों में वर्गीकरण कीजिए :

(क) यह कम्पनी की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता के वित्तीयन का लोकप्रिय प्रपत्र है।

(ख) ये अल्पकालीन प्रपत्र हैं जिन्हें वाणिज्यिक बैंक तथा विशिष्ट वित्तीयन संस्थान जारी करते हैं, इन्हें एक पक्ष से दूसरे पक्ष को स्वतंत्र रूप से हस्तांतरित किया जा सकता है।

**31.** Give one word for the following statements : 1×2=2

*(a)* Giving an attractive name, symbol or identity mark to the product.

*(b)* He organises various marketing activities such as market research, product planning, pricing, distribution, etc.

निम्नलिखित कथनों का एक शब्द में उत्तर दीजिए :

(क) उत्पाद को एक आकर्षक नाम, चिह्न अथवा पहचान मार्क देना _____ कहलाता है।

(ख) वह विभिन्न विपणन गतिविधियों जैसे बाजार शोध, उत्पाद नियोजन, मूल्य-निर्धारण, वितरण आदि का आयोजन करता है।

**32.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* Tube of ointment is _____ level of packaging.

*(b)* _____ are essentially intangible activities which provide want or need satisfaction.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) मरहम की ट्यूब पैकेजिंग का _____ स्तर है।

(ख) _____ आवश्यक रूप से अमूर्त गतिविधियाँ होती हैं, जो आवश्यकता संतुष्टि प्रदान करती हैं।

**33.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* External trade is also known as _____.

*(b)* _____ is an order placed for import of goods.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) बाह्य व्यापार को _____ भी कहा जाता है।

(ख) _____ माल के आयात के लिए दिया गया आदेश है।

**34.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ trade of a country includes services received from other countries or services rendered to other countries.

*(b)* _____ can get immediate payment on the strength of this letter which is issued by the importer's bank in favour of the exporter.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ व्यापार में दूसरे देशों से सेवाओं को प्राप्त करना या फिर दूसरे देशों को सेवाएँ प्रदान करना सम्मिलित है।

(ख) _____ आयातक के बैंक द्वारा निर्यातक के पक्ष में जारी किया जाने वाला प्रपत्र है जिसके द्वारा निर्यातक तुरन्त भुगतान प्राप्त कर सकता है।

**35.** Analyze and give answer : 1×2=2

*(a)* How does distance create difficulty in external trade?

*(b)* An importer of goods may have to take many steps in the process of import. List the first two steps of this process.

विश्लेषण कीजिए तथा उत्तर दीजिए :

(क) बाह्य व्यापार में दूरी कैसे बाधा उत्पन्न करती है?

(ख) आयात प्रक्रिया में वस्तुओं के आयातक को विभिन्न कदम उठाने होते हैं। इस प्रक्रिया के प्रथम दो चरणों की सूची दीजिए।

## SECTION—C

### खण्ड–स

**Note** : Question Numbers **36** to **51** given below. Internal choices have been given wherever necessary :

**निर्देश** : नीचे प्रश्न संख्या **36** से **51** दिए गए हैं। आवश्यकतानुसार आंतरिक विकल्प दिए गए हैं :

**36.** Why is 'Password' necessary in case of on-line shopping? 2

ऑन-लाइन क्रय के संदर्भ में 'पासवर्ड' क्यों आवश्यक है?

**37.** Give the meaning of ATM. 2

'ए० टी० एम०' का अर्थ दीजिए।

*Or / अथवा*

What is meant by a 'debit card'?

'डेबिट कार्ड' का क्या अर्थ है?

**38.** What is meant by 'public enterprise'? 2

'सार्वजनिक उद्यम' का क्या अर्थ है?

**39.** Identify the following 'Departmental Undertakings' and 'Government Companies' : 2

*(a)* Hindustan Shipyard Ltd.

*(b)* Post and Telegraph

*(c)* Railways

*(d)* Steel Authority of India Ltd.

निम्नलिखित की पहचान 'विभागीय उपक्रम' और 'सरकारी कम्पनी' के रूप में कीजिए :

(क) हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड

(ख) डाक एवं तार

(ग) रेलवे

(घ) भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड

*Or / अथवा*

There are certain limitations that are observed in 'statutory corporations'. State any *two* such limitations.

'सांविधिक निगमों' में कुछ सीमाएँ पायी गई हैं। ऐसी किन्हीं **दो** सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

**40.** "Plans remain mere plans unless they are put into action." Name the function of menagement that puts the plan into action and state its any one point of importances. 2

''योजनाएँ केवल योजनाएँ रह जाती हैं जब तक कि इन्हें क्रियान्वित नहीं किया जाये।'' प्रबंध के उस कार्य का नाम दीजिए, जो योजना को क्रियान्वित करता है तथा इसके महत्त्व के किसी एक बिन्दु का उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

State any *two* barriers to effective communication that appear because of state of mind.

संप्रेषण की ऐसी किन्हीं **दो** बाधाओं का उल्लेख कीजिए, जो मानसिक दशा के कारण उत्पन्न होती हैं।

**41.** What is meant by 'investment decision'? 2

'निवेश निर्णय' का क्या अर्थ है?

**42.** Explain the following general principles of management : 3

*(a)* Division of work

*(b)* Remuneration

प्रबंध के निम्नलिखित सामान्य सिद्धान्त समझाइए :

(क) कार्य-विभाजन

(ख) पारिश्रमिक

**43.** With the help of a diagram, explain the channel of distribution that uses the services of mercantile agents. 3

एक चित्र की सहायता से वितरण के उस माध्यम को समझाइए, जो व्यापारी एजेंटों की सेवाओं का उपयोग करते हैं।

*Or / अथवा*

How do the following factors affect the choice of channel of distribution?

*(a)* Nature of market

*(b)* Nature of product

निम्नलिखित कारक कैसे वितरण माध्यम को प्रभावित करते हैं?

(क) बाजार प्रकृति

(ख) उत्पाद प्रकृति

**44.** Briefly explain the following techniques of scientific management : 3

*(a)* Time study

*(b)* Motion study

वैज्ञानिक प्रबंध की निम्नलिखित तकनीकों को संक्षेप में समझाइए :

(क) समय अध्ययन

(ख) गति अध्ययन

**45.** State any *three* functions of a supervisor. 3

पर्यवेक्षक के किन्हीं **तीन** कार्यों का उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

State any *three* points of importance of leadership.

नेतृत्व के महत्त्व के किन्हीं **तीन** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

**46.** Briefly explain 'right to seek redressal'. 3

'शिकायत निवारण अधिकार' को संक्षेप में समझाइए।

**47.** There are certain responsibilities of consumers. Briefly explain any *two* such responsibilities. 3

उपभोक्ताओं के कुछ उत्तरदायित्व होते हैं। ऐसे किन्हीं **दो** उत्तरदायित्वों को संक्षेप में समझाइए।

*Or / अथवा*

There are certain malpractices leading to consumer protection. State any *three* such malpractices.

ऐसे कुछ अनाचार हैं जिनके लिए उपभोक्ता संरक्षण आवश्यक है। ऐसे किन्हीं **तीन** अनाचारों का उल्लेख कीजिए।

**48.** "Planning is of great importance to management. In spite of this fact, it suffers from some limitations." In the light of this statement, explain any *five* limitations of planning. 5

''नियोजन प्रबंध के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। इन सबके होने पर भी इसकी कुछ सीमाएँ हैं।'' इस कथन के प्रकाश में नियोजन की किन्हीं **पाँच** सीमाओं को समझाइए।

*Or / अथवा*

The process of organizing consists of certain steps. Explain these steps.

संगठन प्रक्रिया के कुछ चरण होते हैं। इन चरणों को समझाइए।

**49.** There are certain objectives that financial planning strives to achieve. State any *five* such objectives. 5

कुछ ऐसे उद्देश्य होते हैं जिन्हें वित्तीय नियोजन प्राप्त करने की चेष्टा करता है। ऐसे किन्ही **पाँच** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

State any *five* points of importance of financial planning.

वित्तीय नियोजन के महत्त्व के किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

**50.** Explain the factors that affect fixed capital requirements of business. 5

व्यवसाय की स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले कारक समझाइए।

**51.** Briefly explain the factors affecting pricing decisions. 5

मूल्य-निर्धारण को प्रभावित करने वाले तत्त्वों को संक्षेप में समझाइए।

*Or / अथवा*

What is meant by price? Explain any *two* methods of price fixation.

मूल्य का क्या अर्थ है? मूल्य-निर्धारण की किन्हीं **दो** विधियों को समझाइए।

★ ★ ★